भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 166
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

एंड्रोथ और कदमत द्वीप समूह में सरकारी कला और विज्ञान महाविद्यालय

†166. श्री हमदुल्ला सईदः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि संघ शासित राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप के एंड्रोथ और कदमत द्वीप समूह में स्थित सरकारी कला एवं विज्ञान महाविद्यालयों में पाठ्यक्रम विकल्प सीमित हैं, जिससे स्थानीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर सीमित हो रहे हैं;
(ख) यदि हाँ, तो क्या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने इन महाविद्यालयों में नए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;
(ग) यदि हाँ, तो ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है;
(घ) क्या सरकार का देश में स्थानीय रोजगार और विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य, पर्यटन, मत्स्यपालन और पर्यावरण अध्ययन जैसे उभरते क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रम शुरू करने का विचार है; और
(ङ.) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप के प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में, कदमत में सरकारी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बीए (अर्थशास्त्र), बीए (अंग्रेजी) बी.वोक टुरिज्म एंड सर्विस इंडस्ट्री, बी.वोक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डी.वोक कैटरिंग एंड हॉस्पिटैलिटी जैसे पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है।

सरकारी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, एंड्रोथ में बीए पॉलिटिकल साइंस, बी.कॉम और बीएससी एक्वा कल्चर कोर्स प्रदान किए जा रहे हैं।

*****